सं0–2838/मुख्य सचिव/RS/2015
दिनांक 25/3/2015

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
उत्तराखण्ड राज्य, ग्रामीण आर्जीविका मिशन,
उत्तराखण्ड

# दिनांक 13 मार्च, 2015 को एस0पी0एम0यू0 की कार्यकारी निकाय की बैठक का कार्यवृत्त

कार्यालय अपर मुख्य सचिव
वन एवं ग्राम्य विकास आयुक्त
पत्र संख्या 396/अ.मु.स./2015
देहरादून दिनांक 30/3/2015

दिनांक 13–3–2015 को अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास महोदय की अध्यक्षता में राज्य परियोजना प्रबन्धन ईकाई की कार्यकारी निकाय की बैठक आयोजित की गयी जिसमें कार्यकारिणी के सम्मानित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया (सूची संलग्न) ।

सर्वप्रथम मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू0एस0आर0एल0एम0 द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति प्राप्त कर उपस्थित सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण दिया गया तथा निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी व निर्णय लिये गयेः–

**बिन्दु संख्या 1 – गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि :–**

एस0पी0एम0यू0 की कार्यकारी निकाय दिनांक 21 जुलाई 2014 की कार्यवाही की पुष्टि की गयी तथा गत बैठक की पुष्टि के दौरान निम्न बिन्दुओं पर चर्चा एवं निर्णय लिये गयेः–

1. अपर सचिव, ग्राम्य विकास द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य के दो विकासखण्डों क्रमशः सहसपुर, जनपद देहरादून तथा विकासखण्ड सितारगंज, जनपद उ0सि0नगर को राजीव गांधी महिला विकास परियोजना द्वारा रिसोर्स ब्लॉक रणनीति के तहत क्रियान्वित किये जाने पर कार्यकारी निकाय द्वारा अनुमोदन दिया गया था। यू0एस0आर0एल0एम0 अधिप्राप्ति नियमावली अस्तित्व में आने के फलस्वरूप रिसोर्स ब्लाक रणनीति के तहत चयनित की जाने वाली संस्था का चयन अधिप्राप्ति नियमावली के अनुसार किये जाने पर शासन स्तर से निर्णय लिया गया है। तदानुसार निर्धारित प्रकिया के तहत ई0ओ0आई के माध्यम से संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये थे। कुल तीन संस्थाओं के प्रस्ताव प्राप्त हुये किन्तु उन तीन संस्थाओं को पर्वतीय क्षेत्रों में एन0आर0एल0एम का कार्यानुभव नहीं है जबकि आर0जी0एम0वी0पी0 संस्था, रायबरेली का हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश द्वारा एन0आर0एल0एम0 रणनीति में क्रियान्वयन अनुभव को देखते हुये रिसोर्स विकासखण्ड को विकसित किये जाने हेतु कार्यान्वयन संस्था के रूप में लिये जाने पर निर्णय लिया उचित होगा।

उक्त बिन्दु पर कार्यकारी निकाय द्वारा निर्णय लिया गया कि आर0जी0एम0वी0पी0 के अनुभव के आधार पर एन0आर0एल0एम0 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड रिसोर्स विकासखण्ड में कार्य करने के लिये अधिप्राप्ति नियमावली में कन्सलटेन्ट फर्म चयन की प्रक्रिया में शिथिलता प्रदान कर उक्त संस्था का चयन single source selection द्वारा किये जाने हेतु नियम एवं शर्तें तथा दरों के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर प्रशासनिक विभाग के माध्यम से मा0 मुख्यमंत्री जी के अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाय।

मुख्य सचिव
उत्तराखण्ड शासन

(एस0 राजू)
अपर मुख्य सचिव
वन एवं ग्राम्य विकास आयुक्त
उत्तराखण्ड शासन

(विनोद फोनिया)
सचिव
पंचायती राज, ग्राम्य विकास एवं सूचना
उत्तराखण्ड शासन

2. शासनादेश संख्या 3610 दिनांक 3 सितम्बर, 2013 के माध्यम से यू0एस0आर0एल0एम0 के ढांचे में राज्य मिशन प्रबन्धन मानव संसाधन एण्ड जेण्डर विकास का पद सृजित किया गया था उक्त पद को राज्य मिशन प्रबन्धक वित्तीय समावेशन के पद पर परिवर्तन करने हेतु दिनांक 21–7–2014 को आहूत एस0पी0एम0यू0 की कार्यकारी निकाय की बैठक में अनुमोदन लिया गया था उक्त प्रकरण पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू0एस0आर0एल0एम0 द्वारा कार्यकारी निकाय को अवगत कराया गया कि वर्तमान में राज्य स्तर पर राज्य मिशन प्रबन्धक मानव संसाधन तथा जेण्डर विकास का पद की नितान्त आवश्यकता हैं तथा यह पद पूर्व ही वित्त विभाग की सहमति से यू0एस0आर0एल0एम0 ढांचे में स्वीकृत है। अतः उक्त पद को पूर्व स्वीकृत ढांचे के अनुसार ही यथावत बनाया रखा जाय जिसपर कार्यकारी निकाय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**बिन्दु संख्या 2:– एन0आर0एल0एम0 की वित्तीय वर्ष 2015–16 की वार्षिक कार्ययोजना पर अनुमोदन**

यू0एस0आर0एल0एम0 की वित्तीय वर्ष 2015–16 की वार्षिक कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू0एस0आर0एल0एम0 द्वारा कार्यकारी निकाय के सदस्यों के सम्मुख किया गया। कार्यकारी निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु यू0एस0आर0एल0एम0 की वार्षिक कार्ययोजना जिसकी कुल प्रस्तावित लागत 32.58 करोड़ है, जिसमें दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना हेतु रू0 15.00 करोड़ की धनराशि का भी प्राविधान किया गया है, पर अनुमोदन प्रदान किया गया । वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु कार्यकारी निकाय द्वारा यू0एस0आर0एल0एम0 हेतु अनुमोदित बजट का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:–

| **क्रसं** | **घटक** | **प्रस्तावित प्रस्ताव** | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **केन्द्र** | **राज्य** | **योग** |
| 1. | एन0आर0एल0एम0– तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण, आई.बी.सी.बी., रिवोल्विंग फण्ड, सी0आई0एफ0, इत्यादि | 789.06 | 263.02 | 1052.08 |
| 2. | ब्याज उपादान | 58.07 | 19.36 | 77.43 |
| **योग** | | **847.13** | **282.38** | **1129.51** |
| 3. | प्रशासनिक मद (अतिरिक्त आवंटन) | 132.36 | 44.12 | 176.48 |
| 4 | आरसेटी | 116.07 | - | 116.07 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | सरस मेला | 35.00 | - | 35.00 |
| 6 | अवस्थापना एवं विपणन | 225.70 | 75.23 | 300.93 |
| **योग** | | **1356.26** | **401.73** | **1757.99** |
| 7 | दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना | 1125 | 375 | 1500 |
| **कुल योग** | | **2481.3** | **776.73** | **3257.99** |

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु यू0एस0आर0एल0एम0 के भौतिक लक्ष्यों प्रस्तुतीकरण दिया गया, जो निम्नानुसार हैः–

| **घटक** | **वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु लक्ष्य** |
|---|---|
| **सघन विकास रणनीति विवरण** | |
| जनपद | 6 |
| विकासखण्ड | 15 |
| ग्राम पंचायतें | 1230 |
| ग्राम | 2460 |
| **स्वंय सहायता समूह गठन लक्ष्य** | |
| यू0एस0आर0एल0एम0 द्वारा गठन | 800 |
| यू0एस0आर0एल0एम0 द्वारा पुर्नगठित | 400 |
| कुल गठन/पुनर्गठित समूह | 1200 |
| समूहों को आधारभूत प्रशिक्षण | 800 |
| उचित बुक कीपिंग प्रैक्टिस आरम्भ | 800 |
| पंचसूत्र का पालन | 1000 |
| बुक कीपर प्रशिक्षण | 800 |
| मास्टर बुक कीपर प्रशिक्षण | 100 |
| आडिट किये जाने वाले एस0एच0जी | 200 |
| चयनित सक्रिय महिलाओं की संख्या | 200 |
| सघन विकासखण्डों में प्रशिक्षण प्राप्त आन्तरिक सी0आर0पी0 | 100 |
| असघन विकासखण्डों में पी0आर0पी0 का आन्तरिक प्रशिक्षण | 100 |

| | |
|---|---|
| चयनित बैंक मित्रों की संख्या | 48 |
| एस.एच.जी में कुल गतिशील परिवारों की संख्या | 12000 |
| एस.एच.जी. में कुल अनु0जाति परिवारों की संख्या | 2280 |
| एस.एच.जी. में गतिशील कुल अनु0ज0जाति परिवारों की संख्या | 480 |
| एस.एच.जी. में गतिशील कुल पी0डब्ल्यू0डी परिवारों की संख्या | 10 |
| पी0आई0पी0 पूर्ण ग्रामों की संख्या | 270 |
| पी0आई0पी0 पूर्ण ग्राम पंचायतों की संख्या | 135 |
| चिन्हित अतिगरीब परिवारों संख्या | 2000 |
| चिन्हित गरीब परिवारों की संख्या | 8000 |
| चिन्हित नॉन गरीब परिवारों की संख्या | 2000 |
| चिन्हित विकलांग व्यक्तिों के सदस्यों वाले परिवार | 10 |
| बैंक खाता खोलेने वाले नये एस0एच0जी0 | 800 |
| बैंक खाता खोलने वाले अन्य एस0एच0जी0 | 400 |
| कुल बैंक खाता खोलने वाले एस0एच0जी | 1200 |
| रिवोल्विंग फण्ड प्राप्त करने वाले नये एस.एच.जी | 640 |
| रिवोल्विंग फण्ड प्राप्त करने वाले अन्य एस.एच.जी. | 200 |
| कुल रिवोल्विंग फण्ड प्राप्त करने वाले एस.एच.जी | 840 |
| माइक्रो क्रेडिट प्लान तैयार करने वाले एस0एच0जी0 | 400 |
| एस0आर0एल0एम0 के द्वारा प्रत्यक्ष सी0आई0एफ0 प्राप्त करने वाले एस0एच0जी0 | 200 |
| ग्राम संगठन के माध्यम से सी0आई0एफ0 प्राप्त करने वाले एस0एच0जी0 | 100 |
| कुल सी0आई0एफ0 प्राप्त करने एस0एच0जी0 की संख्या | 300 |
| कुल ग्राम संगठनों का गठन | 20 |
| कुल क्लस्टरों का गठन | 3 |
| बैंक लिंकेज वाले स्वंय सहायता समूहों की संख्या | 500 |

उपरोक्तानुसार कार्यकारी निकाय द्वारा यू0एस0आर0एल0एम0 की वार्षिक कार्ययोजना 2015–16 के वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्यों का अनुमोदन देते हुये ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषण करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही– एस0पी0एम0यू0, यू0एस0आर0एल0एम, ग्राम्य विकास)**

**बिन्दु संख्या 3:– एस0पी0एम0यू0–यू0एस0आर0एल0एम0 के आय–व्ययक पर चर्चा तथा अनुमोदन**

एस0पी0एम0यू0–यू0एस0आर0एल0एम0 के वित्तीय वर्ष 2014–15 का आय–व्ययक पर निम्न विवरणानुसार कार्यकारी निकाय के समक्ष चर्चा की गयी –

| क्र0 सं0 | मद | प्राप्तियाँ | | | भुगतान | अवशेष धनराशि (28 फरवरी, 2015) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रारम्भिक अवशेष | प्राप्त धनराशि | योग | | |
| 1 | एन0आर0एल0एम | 711.02 | 133.22 | 844.24 | | 1280.22 |
| 1.1 | राज्य आजीविका सपोर्ट0 | | | | 73.63 | |
| 1.2 | संस्थागत एवं क्षमता विकास | | | | 10.61 | |
| 1.3 | सामुदायिक निवेश निधि | | | | 12.20 | |
| 1.4 | परियोजना क्रियान्वयन सपोर्ट | | | | 6.63 | |
| 1.5 | अवस्थापना तथा विपणन सपोर्ट | | | | 129.42 | |
| 2 | एस0जी0एस0वाई0 अवशेष | 611.69 | 79.85 | 691.54 | 99.00 | |
| 3 | ब्याज उपादान | 18.37 | | 18.37 | 0.00 | |
| 4 | आरसेटी | 61.96 | | 61.96 | 4.60 | |
| **कुल योग** | | **1403.04** | **213.07** | **1616.11** | **336.09** | **1280.22** |

वित्तीय वर्ष 2014–15 में निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष अब तक निम्नानुसार प्रगति प्राप्त की गयी:–

| Sl.No. | Components | Target for FY 14-15 | Achievement | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Up to 10th March'15 | By Mar'15 (Expected) |
| 1 | Number of Districts in which Intensive Strategy is being Implemented | 6 | 6 | 6 |
| 2 | Number of Blocks in which Intensive Strategy is being Implemented | 15 | 10 | 10 |
| 3 | Number of villages in which intensive strategy initiated | 690 | 237 | 250 |
| 4 | Number of new SHGs promoted by SRLM | 350 | 225 | 337 |
| 5 | Number of other SHGs brought into the NRLM fold (after revival/strengthening/compliance checks) | 700 | 574 | 264 |
| 6 | **Total number of SHGs under NRLM fold** | **1050** | **799** | **820** |
| 7 | Number of SHGs provided basic training | - | 451 | 601 |
| 8 | Number of SHGs in which standard bookkeeping practices introduced | - | 150 | 200 |
| 9 | Number of SHGs following Pancha Sutra | 1050 | 799 | 820 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | Number of Internal CRPs trained in the intensive blocks | 120 | 102 | 140 |
| 11 | Total Households mobilized into all SHGs | 7350 | 7190 | 7350 |
| 12 | Number of new SHGs promoted that have opened Saving bank A/c | 600 | 211 | 300 |
| 13 | Number of new SHGs provided with RF | 200 | 131 | 201 |
| 14 | Number of revived SHGs provided with RF | 100 | 240 | 255 |
| 15 | Number of Total SHGs provided RF | 300 | 371 | 456 |
| 16 | Number of other SHGs that have opened bank accounts | 400 | 554 | 264 |
| 17 | Number of VOs formed | 25 | 0 | 2 |
| 18 | Number of VOs provided training on basic VO management | 10 | 0 | 2 |
| 19 | Number of VOs that have opened bank account | 10 | 0 | 2 |

उपरोक्तानुसार कार्यकारी निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 के भौतिक एवं आय व्ययक पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या 4– यू0एस0आर0एल0एम0 में पदो के सृजन पर चर्चा तथा अनुमोदन**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा कार्यकारी निकाय को अवगत कराया गया कि वर्तमान में यू0एस0आर0एल0एम0 में राज्य स्तर पर एस0पी0एम0 वित्तीय समावेशन, सहा0 मिशन प्रबन्धक, (प्रोक्योरमेन्ट), एस0पी0एम0 (आई0बी0सी0बी0), एस0पी0एम0 (आई0ई0सी0), व्यैक्तिक सहायक तथा कम्प्यूटर आपरेटर सह परियोजना सहायक एवं अनुसेवक का पद सृजित किये जाने की नितान्त आवश्यकता है। जिससे राज्य स्तर पर यू0एस0आर0एल0एम0 का कियान्वयन सुचारू रूप से किया जा सके। अध्यक्ष कार्यकारी निकाय द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त पदों में से वर्तमान में एक राज्य मिशन प्रबन्धक(आई0ई0सी0) के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया की जाय। साथ ही व्यैक्तिक सहायक तथा कम्प्यूटर आपरेटर सह परियोजना सहायक एवं अनुसेवक के पदों पर यथा नियमानुसार नियुक्ति कर ली जाय।

**(कार्यवाही– एस0पी0एम0यू0, यू0एस0आर0एल0एम, ग्राम्य विकास)**

**बिन्दु संख्या 5 :– एस0पी0एम0यू0 के वित्तीय वर्ष 2015–16 के वार्षिक बजट पर अनुमोदन**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू0एस0आर0एल0एल0 एस0पी0एम0यू0, ग्राम्य विकास के वित्तीय वर्ष 2015–16 के वार्षिक बजट के सम्बन्ध में कार्यकारी निकाय को अवगत कराया गया कि रू0 35.00 लाख मदवार प्रस्ताव अपर आयुक्त, ग्राम्य विकास निदेशालय पौड़ी को दिनांक 20 नवम्बर, 2014 को पत्रांक 177/12/पी0एम0यू0 आर0डी0/2002 के माध्यम से प्रेषित किया जा चुका है। जिसपर कार्यकारी निकाय का अनुमोदन निवेदित है।

कार्यकारी निकाय द्वारा एस0पी0एम0यू0, ग्राम्य विकास के वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु निम्नानुसार प्रस्तावित वार्षिक बजट पर अनुमोदन प्रदान किया गयाः–

| क0 स0 | मद | वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु धनराशि की मांग | वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिये मदवार मांग प्रस्ताव |
|---|---|---|---|
| 1 | एस0पी0एम0यू0 ग्राम्य विकास में तैनात अधिकारियों/कार्मिकों का वेतन भत्ते एवं अन्य व्यय | 35.00 | 25.00 |
| 2 | लेखन सामग्री एवं अन्य कार्यालय व्यय | | 4.00 |
| 3 | कम्प्यूटर अनुश्रवण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी एवं कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय | | 2.00 |
| 4 | व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान | | 4.00 |
| **योग** | | **35.00** | **35.00** |

**बिन्दु संख्या 6:– अन्य बिन्दुओं पर चर्चा एवं निर्णय**

6.1 अपर सचिव, ग्राम्य विकास द्वारा कार्यकारी निकाय को अवगत कराया गया कि यू0एस0आर0एल0एम में कार्यरत कार्मिकों के क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्र में ठहरने तथा दैनिक भत्ता अत्यन्त न्यून है तथा यू0एस0आर0एल0एम0 के कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु इसकी वृद्धि पर विचार किया जाना आवश्यक है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि एस0पी0एम0 द्वारा सी0आर0पी0 राउण्ड के दौरान सी0आर0पी0 तथा अन्य सामुदायिक काडर के प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय भ्रमण पर सूक्ष्म जलपान आदि की व्यवस्था हेतु अधिकतम रू0 500.00 प्रतिदिन करने पर वास्तविक बिल सत्यापन के आधार पर व्यय करने हेतु अधिकृत किया जाय कार्यकारी निकाय द्वारा निर्णय लिया गया कि यू0एस0आर0एल0एम0 में कार्मिकों के क्षेत्र भ्रमण के दौरान ठहरने एवं यात्रा भत्ता आदि एन0एम0एम0यू0, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार में प्रचलित दरों का उपयोग कर लिया जाय। साथ ही एस0पी0एम0 द्वारा सी0आर0पी0 राउण्ड के दौरान सी0आर0पी0 तथा अन्य सामुदायिक काडर के प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय भ्रमण पर सूक्ष्म जलपान आदि की व्यवस्था हेतु अधिकतम रू0 500.00 प्रतिदिन करने पर वास्तविक बिल सत्यापन के आधार पर व्यय करने हेतु अधिकृत करने पर भी कार्यकारी निकाय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही– एस0पी0एम0यू0, यू0एस0आर0एल0एम, ग्राम्य विकास)**

6.2 मुख्य कार्यकारी अधिकारी, द्वारा अवगत कराया गया कि हिमोत्थान, एस0आर0टी0टी0 जो एन0आर0एल0एम0 में दो विकासखण्डों जनपद चमोली के कर्णप्रयाग एवं जनपद पिथौरागढ़

के धारचूला विकासखण्ड में Partnership Strategy के तहत कार्य किया जा रहा है। एस0पी0एम0यू0 की कार्यकारी निकाय के सदस्य न होने के कारण उनके कार्यों की समीक्षा किया जाना कठिन हो रहा है। कार्यकारी निकाय द्वारा निर्णय लिया गया कि एस0आर0टी0टी0, हिमोत्थान संस्था को एस0पी0एम0यू, यू0एस0आर0एल0एम0 की कार्यकारी निकाय का सदस्य नामित किया जाय।

**(कार्यवाही– एस0पी0एम0यू0, यू0एस0आर0एल0एम, ग्राम्य विकास)**

6.3 शासनादेश संख्या 454/64/यू0एस0आर0एल0एम0/2014 दिनांक 4 दिसम्बर, 2014 के द्वारा जारी निर्देश जो कि सी0आर0पी0 को अन्तरिम व्यवस्था के तहत प्रति एस0एच0जी0 गठन एवं रिवोल्विंग फण्ड प्रकिया पूर्ण होने के उपरान्त रू0 2000/– मानदेय दिये जाने के सम्बन्ध में है पर कार्यकारी निकाय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

6.4 यू0एस0आर0एल0एम0 लेखाकार के पदनाम को प्रबन्धक लेखा के पदनाम में परिवर्तित किये जाने पर कार्यकारी निकाय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही– एस0पी0एम0यू0, यू0एस0आर0एल0एम, ग्राम्य विकास)**

6.5 जी0आई0जैड परियोजना से प्राप्त कार्यालय सामग्री उपकरण जैसे (फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि) का यू0एस0आर0एल0एम0 द्वारा यथा आवश्यकतानुसार राज्य/यू0एस0आर0एल0एम0/ जनपद/विकासखण्ड स्तर पर उपयोग किये जाने हेतु कार्यकारी निकाय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**(कार्यवाही– एस0पी0एम0यू0, यू0एस0आर0एल0एम, ग्राम्य विकास)**

6.6 मुख्य कार्यकारी अधिकारी, द्वारा अवगत कराया गया कि यू0एस0आर0एल0एम0 सामुदायिक संगठनों (एस0एच0जी0) ग्राम संगठन तथा क्लस्टर स्तरीय संगठनों तथा सामुदायिक काडर हेतु के क्षमता विकास एवं संस्थागत विकास के लिये राज्य स्तर पर विभिन्न अनुभवी एवं दक्ष प्रोफेशनल जिन्हें सम्बन्धित क्षेत्र का व्यापक अनुभव हो का राज्य स्तर पर एक रिसोर्स पूल बनाया जाना आवश्यक है जिनका उपयोग समय–समय पर प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास हेतु किया जायेगा । इस हेतु अपर सचिव, ग्राम्य विकास द्वारा पूर्व में निर्देश दिये गये थे। उक्त प्रस्ताव पर कार्यकारी निकाय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही– एस0पी0एम0यू0, यू0एस0आर0एल0एम, ग्राम्य विकास)**

अंत में उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

(एस0राजू)
अपर मुख्य सचिव/अध्यक्ष कार्यकारी निकाय
राज्य परियोजना प्रबन्धन इकाई
उत्तराखण्ड

पत्रांक 627 / 16 / यू0एस0आर0एल0एम0 / 2013 दिनांकः 23 मार्च, 2015

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
3. अपर सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन।
4. समस्त सम्मानित सदस्य, कार्यकारी निकाय, यू0एस0आर0एल0एम0, ग्राम्य विकास।
5. गार्ड फाईल

23/3/2015

(डी0आर0जोशी)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

## अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 13 मार्च, 2015 को एस0पी0एम0यू0 की कार्यकारी निकाय की बैठक का उपस्थिति विवरण

| क सं | नाम | पदनाम | विभाग / संस्था का नाम | ई–मेल | मोबाइल नम्बर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री विनोद फोनिया | सचिव, | गाम्य विकास | | | |
| 2 | श्रीमति ज्योति नीरज खैरवाल | अपर सचिव | ग्राम्य विकास | | 7536888888 | |
| 3 | डी. आर. जोशी | CEO SRLM | ग्राम्य वि० | dr.joshiae@gmail.com | 9560120777 | |
| 4 | राजीव कुमार सिंघल | CPM-ILSP IFAD. | UGVS | cpm@ugvs.org | 9634222849 | |
| 5 | डा० वी० के० सिंह यादव | उप कृषि निदेशक | कृषि | vikeshyadav94@gmail.com | 9412987580 | |
| 6 | डा० के० डी० शर्मा | अपर निदेशक स्वास्थ्य | चिकित्सा | drkdsharma19@gmail.com | 9412995475 | |
| 7 | राजेन्द्र कुमार | स० नि० उद्योग | MSME | adidoiuk@yahoo.com | 9458633436 | |
| 8 | शरद कुमार | प्रबन्धक | RBI | ksharad@rbi.org.in | 9456585418 | 8.S |
| 9 | अनिल कुमार शर्मा | सलाहकार बैंकिंग | Govt. of Uttarakhand | anil-kr-sharma@shcl.co.in | 9410528117 | |
| 10 | जुगल किशोर | ए० जी० एम० | NABARD | jugal311@gmail.com | 888100 1148 | |
| 11 | अतुल सिंह | आयुक्त | | | | |
| 12 | सतीश चमोली | स० म० प्र० | स्टेट बैंक इ० | satish.chamoli@sbi.com | 9456594008 | |
| 13 | | | | | | |
| 14 | | | | | | |
| 15 | | | | | | |
| 16 | | | | | | |
| 17 | | | | | | |
| 18 | | | | | | |
| 19 | | | | | | |
| 20 | | | | | | |
| 21 | | | | | | |
| 22 | | | | | | |
| 23 | | | | | | |